**राजस्थान सरकार**
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

क्रमांकः एफ. 7 (4) विविध / अकाद / आकाशि/2024/ दिनांक

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः— ''आभा बनाओ, डिजिटल हो जाओ'' अभियान में समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों की ABHA आईडी बनवाने के सम्बन्ध में।
संदर्भः— संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप—3) विभाग के पत्र क्रमांक प. 10 (15) शिक्षा / ग्रुप—3 / 2023—02579 दिनांक 02.08.2024

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से प्राप्त पत्र की छायाप्रति संलग्न कर निर्देशानुसार लेख है कि भारत सरकार के 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' के अन्तर्गत राजस्थान में ''आभा बनाओ, डिजिटल हो जाओ'' अभियान का शुभारंभ किया गया है, जिसमें 14 अंको की (ABHA ID) आभा आईडी http://abha.abdm.gov.in पर बनाई जायेगी, जिसका उपयोग करके आम नागरिक भारत में कहीं से भी अपने स्वास्थ्य संबंधी पूर्ण जानकारी को सुरक्षित और सुलभ तरीके से संरक्षित एवं साझा कर सकते है।

अतः ''आभा बनाओ, डिजिटल हो जाओ'' अभियान में महाविद्यालय में कार्यरत समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों की ABHA आईडी बनवाकर कार्यक्रम में सहयोग करना सुनिश्चित करें।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

संलग्नः— उपरोक्तानुसार

(प्रो. विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर
4. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर
4 . प्रभारी, वेबसाईट, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर को अपलोड हेतु।
5. रंक्षित पत्रावली।

Signature valid
Digitally signed by Vijay Singh Jat
Designation : Joint Director
Date: 2024.09.02 10:18:11 IST
Reason: Approved

(प्रो. विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

**राजस्थान सरकार**
**उच्च शिक्षा (ग्रुप–3) विभाग**

ई–मेल : higheredu3@rajasthan.gov.in, higheredu3@gmail.com, दूरभाष : 0141–5153222, 5153223, 5153660 (आई.पी. नं. : 24870)

क्रमांक प. 10(15)शिक्षा/ग्रुप–3/2023– 02579 जयपुर, दिनांकः

आयुक्त,
कॉलेज शिक्षा, राज.,
जयपुर।

विषयः– ''आभा बनाओं, डिजिटल हो जाओ'' अभियान में समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों की ABHA आईडी बनवाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से प्राप्त पत्र दिनांक 22.07.2024 की छायाप्रति संलग्न कर निर्देशानुसार लेख है कि भारत सरकार के 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' के अन्तर्गत राजस्थान में 'आभा बनाओं, डिजिटल हो जाओं ' अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिसमें 14 आंको की (ABHA-ID) ''आभा आईडी'' http://abha.abdm.gov.in पर बनाई जाएगी, जिसका उपयोग करके आम नागरिक भारत में कहीं से भी अपने स्वास्थ्य संबंधी पूर्ण जानकारी को सुरक्षित और सुलभ तरीके से संरक्षित एवं साझा कर सकता है।

अतः ''आभा बनाओ, डिजिटल हो जाओं'' अभियान में विभाग में कार्यरत समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों की ABHA आईडी बनवाने एवं कार्यक्रम में सहयोग करने का श्रम करावें।

**कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावे।**

संलग्न : उपर्युक्तानुसार।

भवदीय,

(डॉ. अनुज सक्सैना)
संयुक्त सचिव

Signature Not Verified
Digitally signed by Anuj Saxena
Designation : Joint Secretary
Date: 2024.08.02 12:40:28 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref
9495450

*Shubhra Singh*, IAS
**शुभ्रा सिंह, आई.ए.एस.**

*Additional Chief Secretary*
*Medical, Health & F.W. Department*
*Government of Rajasthan*

कार्यालय प्रमुख शासन सचिव
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
शासन सचिवालय, जयपुर
डायरी संख्या 3697
दिनांक 30/07/24

सत्यमेव जयते

अ.शा. पत्रांकः एफ.32(210)/एनएचएम/CSR/एनडीएमएच(ABDM)/174
जयपुर, दिनांक : 22/07/2024

प्रिय सुबीर,

जैसा कि आपको विदित है कि राजस्थान में "आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM)" के अन्तर्गत 'आभा बनाओ, डिजिटल हो जाओ' अभियान का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 30 जून 2024 को मुख्यमंत्री आवास से किया गया है, जिसका उद्देश्य राज्य में आगामी 03 माह में 01 करोड़ नागरिकों की "आभा आईडी (ABHA-ID)" बनाना है।

ABDM भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना हैं, जिसका लक्ष्य भारत में एकीकृत डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। इससे देश में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज की परिकल्पना को साकार किया जा सकेगा। ABDM के तहत आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी) बनाई जा रही है, जिसके द्वारा एक डिजिटल प्लेटफॉर्म का निर्माण किया गया है। इससे आमजन सरल व सुगम रूप से किसी भी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से अपने पुराने हेल्थ रिकॉर्ड सुरक्षित एवं डिजिटल रूप में कही भी-कभी भी साझा कर सकेंगे तथा स्वास्थ्य सेवाओं का प्रभावी रूप से लाभ उठा सकेंगे। इससे ना केवल स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को बेहतर एवं सटीक रोग निवारण एवं निदान में सहायता मिलेगी, बल्कि रोगी प्रबंधन भी बेहतर ढंग से किया जा सकेगा।

CCE
JS, TE
DS, HE
JS, HE

"आभा आईड" (ABHA-ID) एक 14 अंको की संख्या हैं, जिसका उपयोग करके आम नागरिक भारत में कहीं से भी अपने स्वास्थ्य संबंधी पूर्व जानकारी को सुरक्षित और सुलभ तरीके से संरक्षित एवं साझा कर सकता हैं।

आभा आईडी के महत्व को देखते हुए "आभा बनाओ, डिजिटल हो जाओ" अभियान चलाया जा रहा हैं। वर्तमान में राज्य की 44% आबादी की आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं। यह एक सराहनीय प्रगति है, लेकिन हमें अभी भी आगे बढ़ने की आवश्यकता है। इस पहल के अनुरूप, यह जरूरी है कि सभी राजकीय विभागों में कार्यरत सभी कर्मचारियों और अधिकारियों की ABHA आईडी बनाई जाए। यह न केवल राष्ट्रीय एजेंडा का समर्थन करेगा बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगा कि हमारे कर्मचारी अपने स्वास्थ्य देखभाल रिकॉर्ड को सुरक्षित एवं सुलभ रूप से संग्रहित और साझा कर सके और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कर सके।

30-7-2024

निकट भविष्य मे सचिवालय परिसर में इस हेतु कैम्प भी आयोजित किये जायेंगे। ABHA आईडी बनाने का लिंक https://abha.abdm.gov.in है तथा आभा आईडी बनाने के चरणबद्ध दिशा-निर्देश संलग्न किये जा रहे हैं।

उक्त संबंध में आप से अनुरोध है कि **"आभा बनाओ, डिजिटल हो जाओ"** अभियान में आपके विभाग में कार्यरत समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों की ABHA आईडी बनवाएं और कार्यक्रम में आपका अपेक्षित सहयोग प्रदान कर, अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

(शुभ्रा सिंह)

**श्री सुबीर कुमार,**
प्रमुख शासन सचिव,
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
राजस्थान, जयपुर।